जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांक : एफ/अका/2020/18 दिनांक : 21-04-2020

प्रति

समस्त अध्यक्ष
विभिन्न अध्ययन मण्डल
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

विषयः सत्र 2020-21 के लिये पाठ्यकम का प्रारुप तैयार करने बावत।

महोदय/महोदया

जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों मे संचालित विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यकमो एंव अध्ययनशालाओं में सी.बी.सी.एस. पद्धति से संचालित स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यकर्मो का सत्र 2020-21 के लिये संशोधित पाटयकम तैयार होना है। लेकिन कोरोना संकमण के प्रसार को नियत्रित करने के लिये भारत सरकार एंव राज्य शासन द्वारा प्रभावी की गई लॉकडाउन की व्यवस्था के कारण अभी अध्ययनमण्डल की बैठकें संपादित किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। सभव है निकट भविष्य में अल्प सूचना पर नियमित बैठके अथवा वीडियों कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से बैठके आयोजित की जा सके ।

अतः निवेदन है कि सत्र 2020-21 के लिये प्रभावशील होने वाले पाठ्यकम का संशोधित प्रारुप जिसमे समसमायिक विषयवस्तु को समाहित किया गया हो,तैयार कर लें ।

इस संबंध में लेंख है कि पाठ्यकर्मो को अनिवार्य रूप से संशोधित करें । किसी भी परिस्थिति में पूर्व से संचालित पाठ्यकर्मो की यथावत पुनरावृत्ति न हो । कृपया पाठ्यकम का प्रारुप तैयार करते समय यह भी ध्यान रखें कि पाठ्यकम में कोई विवादित भाषा ,वाक्यांश अथवा विषय वस्तु का प्रयोग न हो ।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपिः

1 कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2 कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3 श्री संजय वरथरिया आई/टी इंचार्ज की ओर इस अशय के साथ कि उक्त पत्र विश्वविद्यालय की वेवसाइड पर अपलोड करें।

उप-कुलसचिव(अकादमी)